[This question paper contains 5 printed pages.]

6345 *Your Roll No.* ....

LL.B.

AS

III Term

Paper LB-3032

LABOUR LAW – I

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 100*

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt **five** *questions including Q. No.* **1** *which is compulsory.*
All *questions carry equal marks.*

अनिवार्य प्रश्न क्रमांक 1 *सहित कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Attempt briefly any **four** of the following :

(a) Explain the objectives of Trade Unions Act 1926

(b) Pre-requisites for Lay off

(c) Distinguish between Closure and Lockout

(d) Powers of the Registrar of Trade Unions under the Trade Unions, Act, 1926

(e) Distinction between 'contract of service' and 'contract for service'. (20)

निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(क) व्यापार संघ अधिनियम, 1926 के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) कामबन्दी की पूर्वापेक्षाएं।

(ग) बन्दी और तालाबन्दी के बीच भेद स्पष्ट कीजिए।

(घ) व्यापार संघ अधिनियम, 1926 के अन्तर्गत व्यापार संघ रजिस्ट्रार के अधिकार।

(ङ) 'सेवा की संविदा' और 'सेवा हेतु संविदा' के बीच विभेद।

2. Discuss the definition of Trade Union under the Trade Unions, Act 1926. What is latest judicial approach in interpreting this definition ? (20)

व्यापार संघ अधिनियम, 1926 के अन्तर्गत व्यापार संघ की परिभाषा का विवेचन कीजिए। इस परिभाषा का निर्वचन करने में नवीनतम न्यायिक उपागम क्या है ?

3. There are certain immunities and privileges available to the Registered Trade Unions from liability for Criminal Conspiracy, breach of contract and tortious liabilities. But these are not unconditional ones. Explain the extent and conditionalities for availing these immunities. (20)

रजिस्ट्रीकृत व्यापार संघों को आपराधिक षड़यंत्र, संविदा-भंग और अपकृत्यी दायित्वों की दायित्वाधीनता से कतिपय उन्मुक्तियां और विशेषाधिकार उपलब्ध हैं किन्तु ये सब बिना शर्त नहीं हैं। इन उन्मुक्तियों के विस्तार को और इन उन्मुक्तियों को प्राप्त करने हेतु सशर्तताओं को स्पष्ट कीजिए।

4. Do you think that the triple test propounded by the Constitution Bench of the Apex Court in Bangalore water supply case is still valid of determining whether any activity is an industry or not? Discuss it in the light of legislature and judicial developments in the field. (20)

क्या आप सोचते हैं कि बंगलौर वाटर सप्लाई केस में शिखर न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा प्रतिपादित तिहरा परीक्षण यह अवधारित करने के लिए अभी भी विधिमान्य है कि क्या कोई कार्य-कलाप उद्योग है या नहीं ? इस क्षेत्र में हुए विधायी और न्यायिक घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए विवेचन कीजिए।

5. What are the ingredients of 'strike'? Discuss the law relating to 'justifiability', 'legality' and 'illegality' of strikes in the light of judicial decisions. (20)

हड़ताल के संघटक क्या हैं ? न्यायिक विनिश्चयों को ध्यान में रखते हुए हड़ताल की न्याय्यिता, वैधता और अवैधता सम्बन्धी विधि का विवेचन कीजिए।

6. Define the concept of 'Industrial Dispute' and explain whether the dispute between the management of school and teacher relating to his dismissal is an Industrial Dispute? (20)

"औद्योगिक विवाद" की संकल्पना को परिभाषित कीजिए और स्पष्ट कीजिए कि क्या स्कूल के प्रबन्धकों और अध्यापक के बीच उसकी बर्खास्तगी सम्बन्धी विवाद एक औद्योगिक विवाद है ?

7. Critically examine the law relating to retrenchment under the Industrial Disputes Act, 1947. (20)

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत छंटनी सम्बन्धी विधि की समीक्षात्मक जांच कीजिए।

8. Are the following 'workman' under the Industrial Disputes Act, 1947? Given reasons for your answer.

(a) A Teacher is a Primary School

(b) A Sales representative in a pharmaceutical company

(c) A Pilot of an Airlines company drawing wages Rs. 2 Lacs per month

(d) A Carpenter employed in a jail (20)

क्या निम्नलिखित 'कर्मकार' औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत आते हैं ? सकारण उत्तर दीजिए।

(क) प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक

(ख) फार्मास्यूटिकल कम्पनी में बिक्री प्रतिनिधि

(ग) 2 लाख रुपए प्रतिमास वेतन पा रहा एयरलाइन्स कम्पनी का एक पायलट

(घ) जेल में नियोजित एक बढ़ई